THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN) : (a) and (b) As soon as the terms and conditions for taking over the private siding by Railway are accepted by CIDCO/Maharashtra Government and agreement signed.

(c) There is no plan at present.

गुजरात में पुरानी रेल लाइनें

2216. **श्री राजूभाई ए० परमार** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात में कुछ रेल लाइनें बहुत पुरानी हैं और उनकी हालत जर्जर है ;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या ऐसी लाइनों के बदलने की कोई योजना है ;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) और (घ) लाइनों पर रेलपथों और अन्य परिसंपत्तियों की हालत के आधार पर और यातायात की आवश्यकताओं के अनुसार समय-समय पर नवीकरण किया जाता है ।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता ।

Introduction of new regular train between Hyderabad and Waltair

2217. DR. YELAMANCHILI SIVAJI : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether there is any proposal to introduce a regular train between Hyderabad and Waltair via Nadikuda and Guntur ; and

(b) if so, what are the details thereof ?

THE MINISTR OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN) : (a) and (b) A bi-weekly express train has been introduced between Secunderabad and Visakhapatnam via Nadikuda and Guntur w.e.f. 24-7-92.

देश में रेलवे स्टेशनों पर पुस्तक स्टाल

2218. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश भर में रेलवे स्टेशनों पर कुल कितने पुस्तक स्टाल हैं ; और

(ख) कितने स्टाल अलग से दलितों और अपंग व्यक्तियों को आबंटित किए गए हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन : (क) 999 ।

(ख) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

रेल स्टेशनों पर फल विक्रेताओं के स्टाल

2219. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश भर में रेलवे स्टेशनों पर फल-विक्रेताओं के कितने स्टाल हैं ; और

(ख) इनमें से कितने स्टाल दलितों और अपंग व्यक्तियों को आबंटित किए गए हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।